एमएलबी के कबाड़ की जांच में नया खेल!

रिपोर्ट बदलने का आरोप, जांच अधिकारियों पर भी संदेह

नियमों को दरकिनार कर फर्नीचर बेचने के आरोप, जांच दल की कार्यप्रणाली पर भी सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

शासकीय स्कूलों में कबाड़ के नाम पर हुए कथित खेल की जांच अब खुद सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय और महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) स्कूल में पुराने फर्नीचर और अन्य सामग्री की बिक्री के मामले में गठित जांच दल की रिपोर्ट को लेकर नए आरोप सामने आ रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि जांच के दौरान गड़बड़ियां सामने आने के बावजूद शिक्षा विभाग के एक बाबू के हस्तक्षेप के बाद रिपोर्ट का स्वर बदल गया और संबंधित प्रबंधन को क्लीन चिट देने की तैयारी कर ली गई।

हरिभूमि द्वारा लगातार प्रकाशित खबरों के बाद एसडीएम सुधीर जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। इसके लिए चार सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। जांच दल में जिला शिक्षा कार्यालय के सहायक संचालक वित्त अशोक कुलस्ते, शासकीय हाई स्कूल चारगांव प्रहलाद के प्राचार्य अजय शर्मा, शासकीय हाई स्कूल बरारीपुरा की प्राचार्य मंगला कालवांडे और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांगीवाड़ा के लेखापाल अविनाश ठाकरे को शामिल किया गया था।

विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि जांच के दौरान एमएलबी स्कूल में कबाड़ बिक्री प्रक्रिया में कई अनियमितताएं सामने आईं, लेकिन बाद में रिपोर्ट का रुख बदल गया। अब चर्चा यह है कि जांच दल ने स्कूल प्रबंधन को राहत देने वाली रिपोर्ट तैयार की है। यदि ऐसा है तो यह केवल एक स्कूल की बात नहीं, बल्कि पूरी जांच प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह है। दरअसल इस पूरे मामले में एक महिला शिक्षिका मुख्य रूप से शामिल है। जो कि एक नहीं कई मामलों में मुख्य किरदार निभाती है। परंतु जिला शिक्षा अधिकारी और उनके कार्यालय के कुछ बाबूओं का आश्रय मिलने के कारण कोई भी उनका बाल बांका नहीं कर सकता। यही विश्वास आज शासन के लाखों रुपए बर्बाद करने का कारण है। लाखों का कबाड़ बेचने के बाद भी अगर कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षक पद की गरिमा पर ठेस लगना स्वाभाविक है। पद की गरिमा और विभाग की गरिमा को ध्यान में रखते हुए जांच अधिकारियों को लीपापोती तो नहीं करनी चाहिए थी। बहरहाल लीपापोती हुई है या नहीं यह जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद ही

एक स्कूल की जांच, दूसरे को बिना जांच क्लीन चिट?

सबसे बड़ा सवाल उत्कृष्ट विद्यालय को लेकर उठ रहा है। शिकायतों में एमएलबी स्कूल के साथ उत्कृष्ट विद्यालय में भी कबाड़ बेचने के आरोप लगाए गए थे। दोनों संस्थानों में फर्नीचर और अन्य सामग्री की बिक्री का मामला सामने आया था। इसके बावजूद जांच दल केवल एमएलबी स्कूल पहुंचा, जबकि उत्कृष्ट विद्यालय में जांच के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले। यदि दोनों स्कूलों के खिलाफ शिकायतें थीं, तो फिर एक संस्थान की जांच और दूसरे को बिना जांच राहत देने का आधार क्या है? यह प्रश्न अब आम लोगों के साथ शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

कबाड़ में बेच दिए उपयोगी डेस्क और खेल सामग्री

सूत्रों के अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय में ऐसे फर्नीचर को भी कबाड़ घोषित कर बेच दिया गया, जिनका उपयोग अन्य सरकारी स्कूलों में किया जा सकता था। इसमें छात्रों के बैठने के डेस्क के अलावा बास्केटबॉल के खंभे जैसी खेल सामग्री भी शामिल बताई जा रही है। वहीं एमएलबी स्कूल में भी बड़ी संख्या में डेस्क और अन्य सामग्री कबाड़ के रूप में बेचे जाने की बातें सामने आई थीं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सामग्री उपयोग योग्य थी, तो उसे दूसरे जरूरतमंद स्कूलों को हस्तांतरित किया जाना चाहिए था, न कि सीधे कबाड़ में बेचा जाना चाहिए था।



इन्हें बनाया था जांच अधिकारी

- **श्री अशोक कुलस्ते,** सहायक संचालक (वित्त) कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा
- **श्री अजय शर्मा,** प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल चारगांव प्रहलाद
- **श्रीमती मंगला कालबाण्डे,** प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल बरारीपुरा
- **श्री अविनाश ठाकरे,** लेखापाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांगीवाड़ा

क्या नियमों का पालन हुआ?

सरकारी स्कूलों में अनुपयोगी सामग्री बेचने के लिए स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित है। सबसे पहले स्कूल स्तर पर समिति गठित होती है, जो सामग्री का भौतिक सत्यापन करती है। इसके बाद रिपोर्ट बीईओ के माध्यम से डीईओ को भेजी जाती है। विभागीय अनुमति मिलने के बाद ही निविदा प्रक्रिया शुरू होती है। समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशित कर कम से कम तीन फर्मों से प्रस्ताव लिए जाते हैं और सबसे अधिक बोली लगाने वाले को सामग्री बेची जाती है। सूत्रों के अनुसार एमएलबी और उत्कृष्ट विद्यालय के मामलों में बीईओ और डीईओ की अनुमति संबंधी दस्तावेजों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि विभागीय अनुमति नहीं ली गई, तो पूरी प्रक्रिया पर पुनः जांच आवश्यक हो सकती है।

डीपीआई के आदेशों का भी सवाल

लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) द्वारा पूर्व में निर्देश जारी किए गए थे कि पुराने फर्नीचर को सीधे कबाड़ में बेचने के बजाय उनकी मरम्मत कर उपयोग में लाया जाए। यदि किसी स्कूल को सामग्री की आवश्यकता हो तो उसे वहां भेजा जाए। इसका उद्देश्य सरकारी संसाधनों का संरक्षण और विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना था। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि उपयोगी डेस्क और खेल सामग्री कबाड़ में बेची गई, तो क्या डीपीआई के निर्देशों का पालन किया गया? क्या जांच दल ने इन बिंदुओं पर तथ्यात्मक परीक्षण किया?

जांच की जांच की तैयारी

इस पूरे मामले में शिकायतकर्ता द्वारा जांच के लिए कई बिंदु निर्धारित किए गए थे। एसडीएम के आदेश में भी कुछ बिंदुओं पर परीक्षण करने के निर्देश बताए जा रहे हैं। इसके बावजूद यदि जांच केवल औपचारिकता बनकर रह गई, तो अब जांच अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठना तय है। सूत्रों के अनुसार इस मामले को लेकर उच्च स्तर पर शिकायत की तैयारी की जा रही है। जिला कलेक्टर के समक्ष भी जांच प्रक्रिया और रिपोर्ट को लेकर तथ्य रखे जा सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो जांच करने वाले अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी समीक्षा के दायरे में आ सकती है। प्रभारी व्यवस्था पर भी उठ रहे सवाल जिले के शिक्षा विभाग में लंबे समय से प्रभारी व्यवस्था चलने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। विभाग के महत्वपूर्ण पदों का अतिरिक्त प्रभार होने के कारण निर्णय प्रक्रिया प्रभावित होने की चर्चाएं हैं। लगातार सामने आ रहे विवादों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े किए हैं। एमएलबी और उत्कृष्ट विद्यालय के कबाड़ मामले ने अब केवल फर्नीचर बिक्री का मुद्दा नहीं छोड़ा है। यह मामला नियमों के पालन, जांच की निष्पक्षता और जवाबदेही का बन गया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन सवालों के जवाब कैसे देता है और क्या पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो पाती है या नहीं।

स्वसहायता समूह से मिला सहारा, शारदा ने परिवार की आर्थिक स्थिति को दी नई दिशा

आजीविका मिशन से जुड़कर शारदा हुईं आत्मनिर्भर और सशक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले के विकासखंड परासिया के ग्राम अंबाडा की श्रीमती शारदा उइके के लिए स्वसहायता समूह से जुड़ना उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत रहा। कृषि पर निर्भर परिवार में सीमित आमदनी के कारण कई जरूरतों को पूरा करना आसान नहीं था। ऐसे समय में मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से उन्हें समूह से जुड़ने का अवसर मिला और यहीं से उन्होंने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। श्रीमती शारदा उइके जय शिवानी स्वसहायता समूह की अध्यक्ष हैं। उनके पति श्री सन्नी उइके कृषि कार्य करते हैं। समूह से जुड़ने से पहले परिवार की आय मुख्य रूप से खेती पर निर्भर थी।

पूंजी का अभाव होने के कारण कृषि के साथ अन्य आर्थिक गतिविधियां शुरू कर पाना संभव नहीं था। परिवार की मासिक आय लगभग 5 हजार रुपये थी। सीमित आमदनी में घर का खर्च चलाने के साथ बच्चों की पढ़ाई की जरूरतें पूरी करना भी चुनौतीपूर्ण था।

वर्ष 2019 में गांव में मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूहों का गठन शुरू हुआ। इसी दौरान श्रीमती शारदा उइके का संपर्क मिशन से हुआ।

बेहतर आय ने खोले बच्चों के सपनों के रास्ते

समूह से जुड़ने और आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के बाद परिवार की स्थिति में सुधार आया। अब उनके परिवार की मासिक आय 5 हजार रूपये से बढ़कर लगभग चार गुनी 20 हजार रूपये मासिक हो गई है। आय में हुए इस बदलाव का असर परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों के साथ बच्चों की शिक्षा पर भी दिखाई दे रहा है। श्रीमती शारदा उइके की दो बेटियां और एक बेटा है। उनकी एक बेटी भोपाल में बी.एस.सी. एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रही है, जबकि दूसरी बेटी आईटीआई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उनका बेटा पुलिस सेवा में जाने की तैयारी कर रहा है। बच्चों को उनकी पसंद के क्षेत्र में शिक्षा और तैयारी का अवसर मिलना शारदा के लिए बड़ी उपलब्धि है।

शारदा के लिए समूह बना आत्मनिर्भरता का आधार

श्रीमती शारदा उइके आज जय शिवानी स्वसहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में अन्य महिलाओं के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़ी हैं। उनका अनुभव है कि समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं में केवल आर्थिक बदलाव ही नहीं आया, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ा है। वे पहले से कहीं अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त हुई हैं। वे अब अपने परिवार से जुड़े आर्थिक निर्णयों में भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। श्रीमती शारदा उइके कहती हैं, "समूह से जुड़ने के बाद हमें आगे बढ़ने का अवसर मिला। आज घर की स्थिति पहले से बेहतर है और बच्चों की पढ़ाई भी अच्छे से चल रही है। इससे मुझे बहुत खुशी है। आजीविका मिशन से मिले सहयोग के लिए मैं आभार व्यक्त करती हूं।" अब शारदा, गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वसहायता समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

ढाबों की जांच कर शराब की अवैध बिक्री पर करें कार्यवाही: कलेक्टर

सीएम जनविश्वास जनसंवाद शिविरों में प्राप्त शत - प्रतिशत आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने कहा कि सीएम जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित जनसंवाद शिविरों के दौरान लोन प्रकरणों में बैंक शाखाओं द्वारा वर्किंग कैपिटल समय से ना देने की शिकायतें सामने आई हैं। लीड बैंक मैनेजर सभी ब्रांच मैनेजर को इस संबंध में निर्देश जारी करें कि हितग्राहियों को वर्किंग कैपिटल समय पर जारी की जाए। सभी जिला अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदन, चाहे वे जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन, सीएम जनविश्वास शिविर अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त हो रहे हों, उन सभी का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हो। कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के भी कोई भी आवेदन लंबित न रहें।

कलेक्टर श्री नारायन सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दे रहे थे। बैठक में सेवा संकल्प अभियान व मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के क्रियान्वयन, सीएम हेल्पलाइन व जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण और विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों में की गई कार्यवाही की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी सहित जिला प्रशासन एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि फील्ड के अधिकारी वीसी से जुड़े थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ढाबों में जांच कर शराब की अवैध बिक्री पर नियमानुसार कार्यवाही करें। एन.एच.ए.आई के अधिकारी नेशनल हाईवे पर बड़े वाहनों द्वारा नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्यवाही करें।

उन्होंने अभी तक की गई कार्यवाही से असंतुष्टि व्यक्त करते हुए, सही समय पर जांच करने और चालानी कार्यवाहियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूली मैजिक वाहनों की जांच लगातार जारी रखी जाए और उनके द्वारा विद्यार्थियों के सुरक्षा उपायों से खिलवाड़ करता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी भी स्वयं सभी निजी स्कूलों के प्राचार्यों से बात करें और गत बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आमजन की समस्याओं का तत्परता से हो निराकरण



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बिजली, पानी जैसी आमजन की बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ तत्परता से निराकरण किया जाए। आगामी दिवसों में इस तरह की शिकायतों की अलग से विस्तृत समीक्षा की जाएगी, संबंधित सभी अधिकारी पूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें और बैठक के पूर्व इन समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराएं । इसी तरह नामांतरण, सीमांकन, अवैध कब्जा, समग्र आईडी और लंबित पेंशन प्रकरणों से जुड़ी शिकायतों की भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

अगला सीएम जनविश्वास शिविर 09 अक्टूबर को बिछुआ के जमुनियाकला में

कलेक्टर श्री नारायन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अगला जनसंवाद एवं जनसमस्या निवारण शिविर बिछुआ ब्लॉक के जमुनियाकला में आयोजित किया गया है। शिविर के पूर्व जमुनियाकला और आस - पास के ग्रामों की शासकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को अनिवार्य रूप से इस शिविर में उपस्थित होने और अपनी अधीनस्थ संस्थाओं का निरीक्षण कर प्रतिवेदन परख ऐप में ऑनलाइन दर्ज करने के निदेश दिए हैं।

इस सप्ताह डेंगु - मलेरिया के नहीं आए नए केस

डेंगु - मलेरिया पर नियंत्रण कार्यवाहियों की समीक्षा के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि इस सप्ताह डेंगु और मलेरिया के नए केस सामने नहीं आए हैं। इस पर कलेक्टर ने संतोष जाहिर किया और मच्छरों पर नियंत्रण की कार्यवाहियां लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में एंटी रैबीज वैक्सीन और एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रहें, सीएमएचओ स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने राजस्व वसूली पर अपेक्षाकृत कम प्रगति पर नाराजगी जताई और सभी तहसीलदारों को राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक केवल 3 करोड़ 28 लाख की राजस्व वसूली की गई है।

श्री रामलीला मंडल छिंदवाड़ा: 138वें वर्ष में प्रवेश, आयोजित हुई ऐतिहासिक वार्षिक बैठक



छिंदवाड़ा। सनातन संस्कृति और प्रभु श्रीराम की लीलाओं की पावन परंपरा को संजोए शहर की ऐतिहासिक संस्था 'श्री रामलीला मंडल, छिंदवाड़ा' अपने 138वें गौरवशाली वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस अवसर पर रविवार को स्थानीय श्रीराम मंदिर मानस भवन, छोटी बाजार में मंडल की महत्वपूर्ण वार्षिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 14 दिवसीय श्रीरामलीला मंचन और विजयादशमी (दशहरा) पर्व की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए श्री रामलीला मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत जी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक के सभापति के रूप में अशोक कुमार माहोरे शामिल रहे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं श्री राम जय राम जय जय रामश् के सामूहिक संकीर्तन के साथ हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम की प्रस्तावना मंडल के उपाध्यक्ष श्री मयंक चौरसिया द्वारा रखी गई। बैठक में कोषाध्यक्ष श्री सुभाष साहू द्वारा विगत वर्ष आयोजित प्रभु श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या धाम तथा जबलपुर में हुए ऐतिहासिक श्रीरामलीला मंचन के आय एवं व्यय का पूर्ण ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान वर्तमान कार्यकारिणी का विवरण श्री कस्तूरचंद जैन जी द्वारा रखा गया, जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल को आगामी तीन वर्षों के लिए विस्तारित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। लीला मंचन की पूर्व तैयारियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए मुख्य निर्देशक श्री श्रांत चंदेल द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 7 अक्टूबर से 14 दिवसीय पावन श्रीरामलीला का श्रीगणेश हो रहा है, जिसका भव्य समापन 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व के साथ होगा। उन्होंने 45 दिनों के कड़े पूर्वाभ्यास और मंचन की नवीन रूपरेखा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

परासिया में एक दिवसीय जागरूकता एवं हितग्राही पंजीयन शिविर का आयोजन आज

छिन्दवाड़ा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा परासिया शहर वितरण केंद्र में एक दिवसीय जागरूकता एवं हितग्राही पंजीयन शिविर का आयोजन 06 अक्टूबर 2026, मंगलवार को किया जा रहा है। यह शिविर स्थानीय कार्यालय परासिया वितरण केंद्र, बीएसएनएल कार्यालय के पीछे आयोजित किया जाएगा। शिविर में सौर ऊर्जा से जुड़ी समस्त जानकारी हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए जो भी लाभार्थी बैंक से लोन लेना चाहते हैं, उन्हें बैंक के कर्मचारियों द्वारा इसकी पूर्ण जानकारी दी जाएगी। साथ ही सौर ऊर्जा के वेंडर एवं कर्मचारियों द्वारा भी हितग्राहियों को योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु शिविर में भाग लेना सुनिश्चित करें। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, परासिया के कार्यपालन अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि सौर ऊर्जा अपनाकर अपने बिजली खर्च में कमी लाने के साथ ही स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में सहयोग प्रदान करें।

8 घंटे में दो नाबालिग ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हर्रई

पुलिस थाना हर्रई ने महज 8 घंटे में अपनी सूझबूझ से दोनो नाबालिक को तलाशा, दिनांक 04/9/26 को शाम 5:00 बजे प्रार्थी निवासी ग्राम का निवासी थाना उपस्थित आकर शिकायत किया कि मेरी बेटी उम्र 17 वर्ष आज दोपहर से लापता है जिसका कोई पता नहीं चल रहा है फोन चालू है जिसकी बेटी के मोबाइल नंबर की लोकेशन लेकर पता किया गया जो उसकी लोकेशन नरसिंहपुर आई बेटी के पिता को नरसिंहपुर जाकर लोकल पुलिस संपर्क करने की सलाह दी गई जो पिता के नरसिंहपुर पहुंचने पर फिर से संपर्क किया गया तो उसकी लोकेशन गाडरवारा आई।



प्रार्थी थाना आए और बताया कि उसकी एवं उसके साथ में रहने वाली नाबालिग की भी उसके साथ लापता है । दोनों साथ में हर्रई में रहकर 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहे थी। लोकेशन गाडरवारा स्टेशन पर आने पर अमरवाड़ा एसडीओपी कल्याणी बरकडे के मार्गदर्शन में तत्काल मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर अपनी सूझबूझ से जीआरपी गाडरवारा से संपर्क स्थापित कर घटना के संबंध में जानकारी बताई गई जो जीआरपी गाडरवारा द्वारा दोनों बालिकाओं को थाना में बैठाया गया।

एसडीओपी कल्याणी बरकडे के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा रात्रि में ही गाडरवारा जिला नरसिंहपुर से दोनों बालिकाओं को सुरक्षित लेकर सुबह 6:00 बजे थाना हर्रई लेकर आए।

खाद्य सुरक्षा दल ने ग्राम सटोटी में जांच कर दिया कार्रवाई को अंजाम

बिना खाद्य लायसेंस संचालित गुड़ निर्माण यूनिट सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर हरेन्द्र नारायन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण, नमूना संकलन एवं जांच की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग की 4 टीमें जिले की सभी तहसीलों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर रही हैं।

सटोटी में गुड़ निर्माण यूनिट पर छापामार कार्रवाई - खाद्य सुरक्षा दल को द्वारा 5 अक्टूबर को ग्राम सटोटी, थाना चांद स्थित गुड़ निर्माण यूनिट पर छापामार कार्रवाई की गई। यह यूनिट मेघराज रघुवंशी के परिसर में मुजफ्फरपुर निवासी शहीद द्वारा संचालित की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान डेमेज गुड़ को पुनः विनिर्माण कर विक्रय किए जाने की जानकारी सामने आई। जांच में यूनिट का संचालन बिना खाद्य लायसेंस के पाया गया। इस पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा यूनिट को खाद्य लायसेंस प्राप्त करने तक सील कर दिया गया है। सील अवधि के दौरान यूनिट में गुड़ अथवा किसी अन्य खाद्य पदार्थ का निर्माण नहीं किया जा सकेगा।



नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर न्यायालयीन कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में किए गए निरीक्षणों में पाई गई कमियों के आधार पर भी संबंधित प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। अस्वच्छता पाए जाने पर होटल सिरेडीपिटी, तामिया एवं तामिया मोटल के विरूद्ध प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। वहीं, एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री के विक्रय के मामले में दीपक डेली नीड्स, परासिया रोड छिंदवाड़ा एवं आनंद बेरायटीज, लालबाग छिंदवाड़ा के विरूद्ध प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। इसी प्रकार एमएन ढाबा, हर्रई के विरूद्ध बिना खाद्य पंजीयन के संचालन पाए जाने पर न्यायालय में प्रकरण दायर किया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में निरीक्षण एवं कार्रवाई की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें।

उमरेठ में सक्रिय हैं अवैध रेत माफिया, तहसील मुख्यालय व आसपास की विभिन्न पंचायतों में पहुंच रही अवैध रेत

सुबह 4 से 9 बजे तक चलता है रेत का अवैध खेल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरेठ

उमरेठ क्षेत्र में रेत के कथित अवैध उत्खनन और परिवहन का पैटर्न लगातार सामने आ रहा है। स्थानीय जानकारी के अनुसार गाजनडोह, हेटी, छाबड़ी, रिधोरा, बिजकवाड़ा, कचराम और दमुआ माल सहित आसपास के गांवों में सुबह तड़के रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही देखी जाती है।

बताया जा रहा है कि गतिविधि का समय मुख्य रूप से सुबह 4 से 9 बजे के बीच रहता है। डुडराल, कोकट-कोहनियां, लोधी ढाना, कलमुंडी और जुन्नारदेव अनुविभागीय क्षेत्र से उमरेठ की ओर रेत लाए जाने की बात सामने आ रही है। अलग-अलग दिनों में कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के इस गतिविधि में शामिल होने की जानकारी स्थानीय स्तर पर सामने आई है।




बैंक तिराहे से निगरानी के आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बैंक तिराहे से लेकर थाने के सामने से बाजार चौक तक रेत तस्करों का जमावड़ा लगा रहता है कुछ लोग उड़नदस्ते अथवा जांच दल की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। कार्रवाई की भनक लगते ही वाहनों को दूसरे रास्तों से निकालने की कोशिश किए जाने की बात भी कही जा रही है। इन आरोपों की प्रशासनिक जांच जरूरी है।

थाना-तहसील के सामने से गुजरते वाहन

रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां उमरेठ मुख्यालय से होकर गुजरने की बात सामने आ रही है। कुछ वाहनों के थाना और तहसील कार्यालय के सामने से गुजरने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि परिवहन वैध है तो वाहनों के पास मौजूद रॉयल्टी, और अन्य दस्तावेजों की जांच से स्थिति स्पष्ट हो सकती है।



अब निशाने पर पूरा नेटवर्क

मामला केवल वाहनों तक सीमित नहीं है। रेत कहां से निकाली जा रही है, कौन वाहन ला रहे हैं, किन रास्तों से आ रहे हैं और उमरेठ में किसके लिए रेत पहुंच रही है—इन सभी बिंदुओं की पड़ताल जरूरी है।अगली कड़ी में: डुडराल, कोकट-कोहनियां, लोधी ढाना, कलमुंडी और जुन्नारदेव क्षेत्र से उमरेठ की ओर रेत परिवहन से जुड़े कथित कारोबारियों, वाहनों और उनके बताए जा रहे रूट की जानकारी सामने रखी जाएगी।अब देखना यह है कि सुबह के इस कथित रेत परिवहन नेटवर्क पर जिम्मेदार विभाग कब और कितनी प्रभावी कार्रवाई करता है।

दरबार-ए-गनी में सजी नात और तकरीर की महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



इन दिनों इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रबी - उल - आखिर का महीना चल रहा है । इस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग ग्यारहवीं शरीफ मानते हैं । जिसके अंतर्गत पीराने पीर दस्तगीर हजरत गौस - ए - आजम की शान में विभिन्न मजहबी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और लंगर खिलाया जाता है । इसी बावद न्यूटन नंबर 9 में स्तिथ हजरत मौलाना गनी कादरी के दरबार में नात और तकरीर की महफिल सजाई गई और लोगों लंगर खिलाया गया ।

शनिवार 3 अक्टूबर को अंजुमन कमेटी जामा मस्जिद और दीवाने गनी कमेटी के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए । लंगर खाया गया और देर रात 1 बजे तक नात और तकरीर का लुत्फ लिया । लखनऊ उत्तर प्रदेश से आए डॉक्टर जाकिर रजा मीनाई ने कुरान की आयतों की रोशनी में हजरत पैगम्बर मुहम्मद के मर्तबे को बयान किया और हजरत गौसे आजम करामातों पर रोशनी डाली । साथ ही पीर ओ मुर्शिद से निस्बत के फायदे बताए । इनके अलावा नागपुर से आए मुहम्मद इफ़्तीखार अहमद , मुहम्मद इस्लाम रिजवी , ने नात पढ़ी और अमन चैन की दुआएं की ।

छिंदवाड़ा से आए नातख्वाँ सैय्यद निजाम अली ने हजरत बेदम वारसी की नात बड़े ही खूबसूरत अंदाज में पढ़ा । मुफ़्ती मुहम्मद गुलबहार , सज्जादा नशीन अब्दुल कदीर रिजवी , हाफिज जाकिर हुसैन , हाफिज सादिक निजामी , हाफिज लियाकत हुसैन , हाफिज व कारी अजीम , हाफिज फारुख रजा , हाजी अबरार रिजवी , ताज मोहम्मद , सैय्यद नदीम अली ने भी इस मजलिस में शिरकत की । न्यूटन जामा मस्जिद सदर सैय्यद जमील खान ने आए हुए मेहमानों का इस्तकबाल किया । हाफिज तहसीन रजा ने मंच का संचालन किया । कार्यक्रम में सेक्रेटरी असलम खान , केशियर शरीफ खान , नूरी मस्जिद सदर इमरान अंसारी , सेक्रेटरी शेख जमील , गुजुन अंसारी , दरगाह कमेटी के सैय्यद ममनून अली , मेहमूद खान , दरगाह खादीम सलीम ताज पेंटर , हबीब ताज , मौलाना सादिक हुसैन , मौलाना अब्दुल शमी , मौलाना सिराज रिजवी , हाफिज ताहिर , मेहमूद रिजवी , मौलाना अफसर रजा , मौलाना अब्दुल रहीम , मौलाना शमी अख्तर , हाफिज अंसार रजा , मिराज अली , शोएब अहमद सिद्दीकी , शेख फरीद , नजीर खान , हातम खान मौजूद रहे ।

नवरात्रि श्री दुर्गा उत्सव पर्व की हर्रई थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज, हर्रई। थाना परिसर हर्रई में आगामी नवरात्रि श्री दुर्गा उत्सव पर्व की शांतिपूर्ण सुरक्षित एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु श्री दुर्गा उत्सव समितियों की आवश्यक बैठक रखी गई। सभी समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसमें मुख्य रूप से श्री दुर्गा मंडलों को। स्थापना हेतु नियम अनुसार अनुमति प्राप्त करने विद्युत कनेक्शन अस्थाई एवं सुरक्षित रूप से लेने व खुले तार न रखने, डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र। डीजे ध्वनि सीमा में ही बजाने अश्लील गाने एवं भड़काऊ गाने नारे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने अग्निशमन यंत्र रेत पानी एवं। त्यौहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु और सुरक्षित वातावरण में बैठक आयोजित कराई गई, नगर एवं ग्रामीणों और आयोजन समिति के सदस्यों ने शासन के दिशा निर्देशों के पालन करने की सहमति दी गई, डीजे तेज ना बजाने पर प्रतिबंध लगाने के नियमों के अनुसार पालन करने की बात कही गई उल्लंघन होने पर कार्यवाही करने की बात कही गई धार्मिक आयोजन में भाईचारा एवं दुर्गा पंडाल में विद्युत प्रयोग के लिए अधिकृत विद्युत कनेक्शन लेना अनिवार्य बताया गया सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना सुनिश्चित किया गया है। किसी भी संदिग्ध, स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस, थाना हर्रई को दी जाय। नवरात्रि श्री दुर्गा उत्सव हमारी आस्था एवं एकता का प्रतीक है, सभी समितियां आपसी सहयोग एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी । इस दौरान बैठक में नगर के विभिन्न श्री दुर्गा उत्सव समितियों के अध्यक्ष/सदस्य उपस्थित रहे ।

संगठन में कसावट लाने घाना उमरी, खुमकाल एवं कटकुही मंडलम में काँग्रेस की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवेगांव



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं जिला काँग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे के निर्देश पर ब्लॉक काँग्रेस कमेटी नवेगांव के द्वारा जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके की विशेष उपस्थिति में घानाउमरी, खुमकाल एवं कटकुही मंडलम की बैठक की गई। इस दौरान नवेगांव पर्यवेक्षक केकी होशंग पंथकी एवं ब्लॉक काँग्रेस नवेगांव के अध्यक्ष सिम्मीलाल परतेती भी उक्त सभी बैठकों में उपस्थित रहे।

बैठक मे उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुनील उईके ने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में हमारे नेता राहुल गाँधी के निर्देश पर बड़ी तेजी से संगठन सृजन का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में हमारे मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ जी के निर्देश पर हमारी विधानसभा में भी यह कार्य तेजी से किया जा रहा है।

हमारे नेता कमलनाथ जी हमेशा संगठन को विशेष तरजीह देते हुए बड़ी मेहनत से छिंदवाड़ा जिले के संगठन को मजबूत बनाया है, इसीलिए छिंदवाड़ा के संगठन की पूरे देश मे चर्चा होती है, अब हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने संगठन में समय के अनुसार परिवर्तन करते हुए इस परंपरा को आगे बढ़ाए। आने वाला समय चुनौतिपूर्ण रहने वाला है इसलिए हमें अपने बूथ के संगठन को सशक्त बनाते हुए हर चुनौती का सामना ओरी मजबूती से करना है। अब हम सभी को अपनी कमर कसके जनसमस्याओं एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए तैयार हो जाना चाहिए। बैठक को पर्यवेक्षक केकी होशंग पंथकी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सिम्मीलाल परतेती ने भी संबोधित किया।बैठक में विधायक सुनील उईके के साथ केकी होशंग पंथकी, सिम्मीलाल परतेती, महेश नंदवंशी, गोकुल यदुवंशी, मुकेश उइके, मन्नू यदुवंशी, शिवा यदुवंशी, सुंदर पटेल, मनोहर यदुवंशी, तानूराम धुर्वे, विजय सूर्यवंशी, प्रदीप बत्रा, मोटू धुर्वे, मुकेश उइके, लक्ष्मण धुर्वे, शिवराम भम्मरकर, रघुवीर इवनाती, इत्तूलाल अहाके, मनीश साहू, श्यामलाल भन्नारे, सतीश साहू, लेखराम बेलवंशी, तातू इवनाती, मेशराम धुर्वे, सहित बड़ी संख्या में मंडलम कमेटी के सदस्य, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बीएलए, पंचायत एवं बूथ कमेटी से सदस्य सहित बड़ी संख्या में काँग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



21 अक्टूबर तक काली पट्टी बांध कर काम करेंगे कोटवार तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

परासिया :- आजाद कोटवार संघ के तत्वाधान में परासिया ब्लाक के कोटवारों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है । जिसमें 21 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर काम करने की बात कही है । कोटवारों की पूर्व घोषित मांगे अब तक पूरी नहीं होने के विरोध में यह कदम उठाया गया है ।कोटवार मनोज डेहरिया ने बताया , कि कोटवारों की न्यायोचित मांगों को लेकर संग के प्रदेश पदाधिकारियों के द्वारा मध्य प्रदेश शासन से कई बार मांग रखी गई जो अब तक पूरी नहीं हुई । जिसके चलते पुनः सरकार को याद दिलाने के लिए ज्ञापन दिया गया है । अभी 21 अक्टूबर तक सभी कोटवार काली पट्टी बांधकर काम करेंगे । मांगे पूरी नहीं होती है , तो 22 अक्टूबर से सभी कोटवार हड़ताल पर चले जाएंगे ।

थर्मल एवं न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में चौसरा में किसानों की बैठक

सिंगोड़ी: सिंगोड़ी के समीप ग्राम चौसरा में रविवार को थर्मल पावर प्लांट के प्रस्तावित निर्माण के विरोध में किसानों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिवरखेड़ी, चौसरा, धनौरा, डागावानी, पिपरिया एवं थावड़ी सहित आसपास के ग्रामों के किसान शामिल हुए।किसान हरिप्रसाद वर्मा नन्हों पटेल ने बताया कि हम ग्राम वासियों की करीब 750 एकड़ जमीन में न्यूक्लियर पावर प्लांट व थर्मल पावर प्लांट बनाया जा रहा है जिसे हम किसान किसी भी प्रकार का प्रोजेक्ट स्थापित किए जाने का विरोध करते। भूमि के संबंध में पूर्व से न्यायालयीन प्रकरण भी विचाराधीन हैं तथा लगभग 38 वर्षों से भूमि पर किसानों का कब्जा चला आ रहा है।

लोहारा में राष्ट्रीय पोषण माह एवं 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत समुदाय को आंगनवाड़ी केंद्रों से घनिष्ठ रूप से जोड़ने और पोषण व शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 5 अक्टूबर को परियोजना बालाघाट ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम लोहारा में परियोजना स्तरीय पोषण माह एवं 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का गरिमाममय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्री कुमार सत्यम के कुशल निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेंद्र सुन्द्रियाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित : आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम की मुख्य थीम "समुदाय की भागीदारी, आंगनवाड़ी से जुड़ाव और बचपन की मजबूत बुनियाद" पर विशेष बल दिया गया। इसके तहत परिवार और समाज को आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों से जोड़ते हुए बच्चों के प्रथम 1,000 दिनों की देखभाल, सही पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) के महत्व को रेखांकित किया गया।



कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ: कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री महोदय के संदेश के वाचन के साथ की गई, जिसमें स्वस्थ और कुपोषण मुक्त मध्य प्रदेश के निर्माण का संकल्प दोहराया गया।

पोषण किट वितरण: स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार लाने की दिशा में कड़े कदम उठाते हुए क्षेत्र के SAM (Severe Acute Malnutrition) बच्चों को चिन्हित कर विशेष पोषण किट वितरित की गईं। वृक्षारोपण: 'एक पेड़ मां के नाम' और पर्यावरण व पोषण सुरक्षा के संदेश के साथ अतिथियों और अधिकारियों द्वारा परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

सम्मान समारोह: समुदाय और शासन के बीच की मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

गरिमाममय उपस्थिति कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्टजन: राम किशोर कावरे (पूर्व मंत्री एवं जिला अध्यक्ष, भाजपा), फूल चंद सहारे (अध्यक्ष, जनपद पंचायत बालाघाट), श्रीमती दीक्षा मेश्राम (सभापति, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति), श्रीमती अर्चना महुले (जिला पंचायत सदस्य), और श्रीमती रंजना वैध (जनपद सदस्य)।

प्रशासनिक अधिकारी: सुश्री फिरदौस अख्तर (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बालाघाट) तथा श्री शैलेंद्र कुमार चौकसे (परियोजना अधिकारी, बालाघाट ग्रामीण) उपस्थित रहे। संचालन एवं सहभागिता सेक्टर पर्यवेक्षक मोहिनी मिश्रा, पुस्तकाला मेश्राम, कविता सुलाखे, दीपिका चौहान और अनामिका जैन—के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सामूहिक दायित्व निभाने का संकल्प लिया गया।



पिकअप चालक फॅसे स्टेयरिंग में, यात्री बस के फूटे कॉच

पिकअप वाहन ने यात्री बस को मारी जबरदस्त टक्कर



विधायक विवेक पटेल ने राहगीरों की मदद से निकलवाया चालक को

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। वारासिवनी-कटंगी मार्ग पर स्थित सावंगी रमणीक पावर प्लांट के समीप सोमवार की दोपहर लगभग 3 बजे एक यात्री बस और पिकअप वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि पिकअप वाहन का ड्राइवर स्टेयरिंग में फॅस गया। घटना के बाद उस मार्ग पर लम्बा जाम लग गया। वहां आने-जाने वाले राहगीरों ने जैसे तैसे ड्राइवर को बाहर निकाला। हालांकि पिकअप वाहन के ड्राइवर को मामूली चोट आई है। जिसका निजी चिकित्सालय में उपचार जारी है।

मिली जानकारी अनुसार न्यू दुर्गा बस क्रमांक एम पी 50 जेड जी 5917 वारासिवनी बस स्टैंड से सवारी लेकर कटंगी जा रही थी। तभी सावंगी की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक एम पी 28 जेड आर 4933 के ड्राइवर ने सामने से आ रही यात्री बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन जिस ओर से आ रहा था, उसी दिशा की ओर मुड़ गया, वहीं यात्री बस पलटने से बाल-बाल बची। लेकिन बस के सामने का कॉच और आजू बाजू की खिड़कियों के कॉच टूटकर सडक़ पर बिखर गए थे। यदि यात्री बस पलट जाती, तो यात्रियों को भी चोट लग सकती थी। लेकिन इस दुर्घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहन को पुलिस थाने में लाकर खड़ा कर लिया है।

घटना के बाद पिकअप वाहन का ड्राइवर दर्द से चीखता रहा कि मुझे कोई तो बाहर निकालो। मगर हर कोई व्यक्ति उस ड्राइवर की ही गलती ठहराते रहा। वहीं कुछ लोग घटना की रील बनाते रहे। किसी ने भी उसे बाहर निकालने में मदद नहीं की। इसी दौरान विधायक विवेक पटेल अपने एक कार्यक्रम में जाने के लिए उस मार्ग से गुजरे, तो उन्होंने दुर्घटना को देखकर अपना वाहन रुकवाया और फिर दुर्घटना की जानकारी ली और पिकअप के स्टेयरिंग में फॅसे चालक को राहगीरों की मदद से स्टेयरिंग से बाहर निकलवाया।

आज लांजी में लगेगा मेगा नेत्र शिविर, निःशुल्क होगी आंखों की जांच



सिविल हॉस्पिटल लांजी में सुबह 10 बजे से शिविर का आयोजन, दृष्टिदोष पाए जाने वाले पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क चश्मे किए जाएंगे वितरित

हरिभूमि न्यूज लांजी। लांजी। जिले के नागरिकों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 6 अक्टूबर 2026, मंगलवार को जिले के समस्त विकासखंडों में "मेगा नेत्र शिविर" का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में लांजी में भी मेगा नेत्र शिविर का आयोजन सिविल हॉस्पिटल लांजी में किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे से होगा।मेगा नेत्र शिविर में आने वाले नागरिकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से दृष्टि एवं Refraction Testing के माध्यम से आंखों की जांच की जाएगी। जांच के दौरान नजदीक का कार्य करने में दृष्टिदोष पाए जाने वाले पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए जाएंगे।

शिविर का उद्देश्य लोगों में आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ ऐसे लोगों की पहचान करना है, जिन्हें दृष्टि संबंधी समस्या है और जिन्हें चश्मे की आवश्यकता है। समय पर आंखों की जांच होने से दृष्टिदोष की पहचान कर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।नेत्र संबंधी समस्या को अक्सर लोग सामान्य मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। विशेषकर पढ़ने, लिखने, मोबाइल देखने अथवा नजदीक का कार्य करने में परेशानी होने पर नेत्र परीक्षण कराना जरूरी है। मेगा नेत्र शिविर ऐसे लोगों के लिए उपयोगी अवसर है, जहां उन्हें बिना किसी शुल्क के अपनी आंखों की जांच कराने की सुविधा मिलेगी।

शिविर में नेत्र परीक्षण के दौरान जिन पात्र हितग्राहियों में नजदीक के कार्य के लिए दृष्टिदोष पाया जाएगा, उन्हें निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है।आयोजकों द्वारा अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराने की अपील की गई है। विशेष रूप से ऐसे नागरिक, जिन्हें पढ़ने या नजदीक की वस्तुओं को देखने में परेशानी होती है, वे शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

पार्षद किशोर रामटेक्कर की पहल लाई रंग, वार्ड क्रमांक 9 में शुरू हुआ बिजली पोल लगाने का काम

26 सितंबर को सौंपे ज्ञापन पर अपर कलेक्टर बर्मन ने लिया तत्काल संज्ञान; महा जनकल्याणकारी शिविर में पार्षद ने जताया आभार, वार्डवासियों ने भी किशोर रामटेक्कर को दिया धन्यवाद



हरिभूमि न्यूज लांजी। नगर के वार्ड क्रमांक 9 में लंबे समय से चली आ रही बिजली के पोल से संबंधित समस्या के निराकरण की दिशा में अब काम शुरू हो गया है। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद एवं सभापति किशोर रामटेक्कर द्वारा लगातार इस समस्या को लेकर प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में 26 सितंबर को अपर कलेक्टर श्री बर्मन को पोल शिफ्टिंग एवं बिजली पोल से संबंधित समस्या के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन पर अपर कलेक्टर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसके बाद वार्ड क्रमांक 9 में बिजली के पोल लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया है।ग्राम बोलेगांव में आयोजित महा जनकल्याणकारी शिविर में पहुंचे अपर कलेक्टर श्री बर्मन के समक्ष पार्षद किशोर रामटेक्कर ने अपने वार्ड की बिजली पोल संबंधी समस्या को पुनः रखा। पार्षद ने बताया कि वार्ड में लंबे समय से बिजली के पोल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने 26 सितंबर को इस संबंध में अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अब वार्ड में पोल लगाने का कार्य शुरू कराया गया है।

पार्षद किशोर रामटेक्कर ने अपर कलेक्टर श्री बर्मन द्वारा उनके ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान लेने तथा वार्ड क्रमांक 9 में बिजली पोल लगाने का कार्य प्रारंभ कराने पर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा जनता की समस्या को प्रशासन तक पहुंचाना और प्रशासन द्वारा उस पर समय पर कार्रवाई करना ही वास्तविक जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।पार्षद ने कहा कि वार्डवासियों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। बिजली के पोल की समस्या कई वर्षों से बनी हुई थी, जिसके कारण वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब कार्य प्रारंभ होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

एकोड़ी के नाले में मिली अज्ञात युवक की सड़ी गली लाश



पुलिस कर रही शिनाख्त का प्रयास

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम एकोड़ी में सरपंच के घर के पीछे से बहने वाले नाले में रविवार की दोपहर में एक अज्ञात युवक की सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। जिसकी जानकारी पुलिस को देने पर पुलिस बल ने उसे ग्रामीणों की मदद से नाले से बाहर निकाला और पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में ला लिया है।

जानकारी अनुसार रविवार की दोपहर में एक ग्रामीण जब नाले में शौच करने के लिए गया था। उसी दौरान उसे एक सड़ी गली लाश नाले में झाड़ियों के बीच में फॅसी हुई दिखाई दी। जिस की जानकारी उसने सरपंच प्रतिनिधि व ग्रामीणों को दी। जिसके बाद नाले के पास ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।

इस बात की जानकारी वारासिवनी पुलिस थाने में ग्रामीणों द्वारा दी गई। जिस के बाद पुलिस बल ग्राम एकोड़ी पहुँचा और शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन लाश इतनी अधिक सड़ गल गई है कि उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस ने लाश को उठाकर शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में पोस्टमार्टम के लिए लाया है। पुलिस फिलहाल मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। मृतक के शव को चिकित्सालय की मर्चुरी में रखा गया है। सोमवार को उसका पोस्टमार्टम किया जायेगा।

खबर संक्षेप

धान पंजीयन केंद्रों का जिला आपूर्ति अधिकारी ने किया सतत निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। धान पंजीयन प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जिला आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र कुमार खोबरिया ने सोमवार को जिले के विभिन्न धान पंजीयन केंद्रों का सतत निरीक्षण किया। उन्होंने पंजीयन केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पंजीयन के दौरान सामने आ रही तकनीकी समस्याओं की बारीकी से जानकारी ली। जिला आपूर्ति अधिकारी ने कातलबोड़ी (लखनवाड़ा), भाटीवाड़ा (मड़वा) सहित अन्य पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर उपस्थित कर्मचारियों से पंजीयन की स्थिति और आ रही परेशानियों के संबंध में जानकारी ली। अधिकारी ने केंद्रों पर पहुंचे किसानों के बीच जाकर उनसे सीधे संवाद किया और पंजीयन प्रक्रिया से संबंधित उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को पंजीयन कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 6 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज सिवनी। राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 2026-27 का आयोजन जिले में 6 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों तथा 20 से 49 वर्ष आयु वर्ग की गैर-गर्भवती प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। जिले में कुल 6 लाख 14 हजार 470 हितग्राहियों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समन्वित रूप से कार्य किया जाएगा। शासकीय एवं निजी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा अन्य लक्षित संस्थानों में पात्र हितग्राहियों को निर्धारित कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, शिक्षक एवं अन्य मैदानी अमले द्वारा दवा सेवन के साथ आवश्यक पर्यवेक्षण एवं जनजागरूकता का कार्य किया जाएगा।



ग्राम सुकरी मे मनाई गई रानी दुर्गावती जयंती

हरिभूमि न्यूज सिवनी। ग्राम सुकरी में रानी दुर्गावती जयंती के उपलक्ष्य में समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में रानी दुर्गावती जयंती का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें उपस्थित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध धुर्वे ग्राम पंचायत सुकरी सरपंच रामभरोस उइके गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सलाहकार नन्हेंलाल कुमरे ग्राम अध्यक्ष महुलपानी रामस्वरूप कवाची एवं क्षेत्रवासी ग्राम वासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया।

बाघ ने मवेशी चराने गए बुजुर्ग पर किया हमला, मौके पर मौत

सिवनी। जिले के कुरई थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय हडक़ंप मच गया, जब जंगल से लगे क्षेत्र में मवेशी चराने गए एक बुजुर्ग व्यक्ति पर बाघ ने हमला कर दिया।

पिंडरई बीट के राजस्व क्षेत्र में हुई दर्दनाक घटना, वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



बाघ के हमले में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और कुरई थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।
प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरई क्षेत्र की सिवानकन्हार ग्राम पंचायत के ग्राम रमपुरी निवासी सुम्मर लाल, उम्र 62 वर्ष, सोमवार को अपने मवेशियों को चराने के लिए पिंडरई बीट से लगे क्षेत्र में गए थे। बताया गया है कि वे पिंडरई बीट के कक्ष क्रमांक पी-358 से लगे राजस्व क्षेत्र में मवेशी चरा रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद बाघ ने उन पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।
सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा वन अमला घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग और कुरई पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू की गई। क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी को लेकर भी वन विभाग द्वारा निगरानी की जा रही है।
परिवार को मिलेगी आठ लाख रुपये की सहायता
वन्यजीव के हमले में हुई इस जनहानि के बाद मृतक के परिवार को शासन के प्रावधानों के अनुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। वन विभाग के अनुसार पीड़ित परिवार को आठ लाख रुपये की सहायता राशि निर्धारित प्रावधानों के तहत उपलब्ध कराई जा रही है।

जंगल से लगे क्षेत्रों में बढ़ी चिंता

बाघ के हमले में बुजुर्ग की मौत की घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से लगे क्षेत्रों में मवेशी चराने जाने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता आवश्यक है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को जंगल अथवा वन क्षेत्र से लगे संवेदनशील इलाकों में अकेले न जाने तथा वन्यजीवों की गतिविधियों को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जा सकती है। फिलहाल वन विभाग की टीम द्वारा घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र की निगरानी करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।

सेवा सेतु अभियान में 137 आवेदन, 123 का मौके पर निराकरण

नगर परिषद केवलारी में लगा मेगा शिविर, 48 हितग्राहियों को हितलाभ वितरण

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आम नागरिकों को त्वरित लोक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 04 अक्टूबर 2026 को नगर परिषद केवलारी प्रांगण में "सेवा सेतु अभियान – सरकार आपके द्वार" के तहत मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम), मुख्य नगर पालिका अधिकारी केवलारी, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।
शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए तथा उनकी समस्याओं एवं मांगों का मौके पर निराकरण किया गया। विभागीय प्रगति रिपोर्ट के अनुसार शिविर में कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 123 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। 7 आवेदन अपात्र पाए गए, जबकि 7 आवेदन निराकरण हेतु शेष हैं।

विभागवार आवेदन एवं निराकरण

ऊर्जा विभाग 03 आवेदन प्राप्त, सभी 03 का निराकरण।
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग 31 आवेदन, 20 निराकृत, 06 अपात्र एवं 05 शेष।
महिला एवं बाल विकास विभाग 13 आवेदन, सभी 13 निराकृत।
राजस्व विभाग 23 आवेदन, 21 निराकृत एवं 02 शेष।
श्रम विभाग 10 आवेदन, सभी 10 निराकृत।
सामाजिक न्याय विभाग 08 आवेदन, 07 निराकृत एवं 01 अपात्र। स्कूल शिक्षा विभाग 18 आवेदन, सभी 18 निराकृत।
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग 31 आवेदन, सभी 31 निराकृत।
इस प्रकार शिविर में कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए, 123 का निराकरण किया गया, 07 आवेदन अपात्र पाए गए तथा 07 आवेदन निराकरण हेतु शेष हैं।



मेधावी छात्राओं को स्कूटी, विद्यार्थियों को लैपटॉप

शिविर के दौरान हितलाभ वितरण भी किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 02 मेधावी छात्राओं को स्कूटी एवं 16 विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए। वहीं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 30 हितग्राहियों को विभिन्न प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस प्रकार कुल 48 हितलाभ वितरण किए गए।
शिविर में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छाया, बैठक, पेयजल एवं स्वास्थ्य परीक्षण की समुचित व्यवस्था की गई थी। सेवा सेतु अभियान के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से नागरिकों को अपने कार्यों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली।

पेंच गाइड परीक्षा का परिणाम अटका, चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल

25 सितंबर को लिखित परीक्षा, 29 सितंबर को आनी थी अंतिम सूची; तारीख बढऩे के बाद भी 4 अक्टूबर तक सभी क्षेत्रों के परिणाम नहीं हुए जारी

सिवनी/कुरई। पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटक गाइड चयन परीक्षा-2026 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी सभी क्षेत्रों की अंतिम चयन सूची जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।



निर्धारित समय-सारणी के अनुसार लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार एवं अंतिम चयन प्रक्रिया पूरी कर 29 सितंबर 2026 को अंतिम चयन सूची जारी किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन तय समय पर सूची जारी नहीं हो सकी। इसके बाद अंतिम सूची जारी करने की तारीख बढ़ाकर 3 अक्टूबर निर्धारित की गई, लेकिन 4 अक्टूबर तक भी सभी क्षेत्रों की सूची सामने नहीं आने से अभ्यर्थियों के बीच चयन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे।
25 सितंबर को हुई थी लिखित परीक्षा
सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पेंच टाइगर रिजर्व अंतर्गत पर्यटक गाइड चयन परीक्षा के लिए 25 सितंबर 2026 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 एवं 29 सितंबर को साक्षात्कार और अंतिम चयन प्रक्रिया पूरी की जानी थी। अभ्यर्थियों को उम्मीद थी कि 29 सितंबर तक चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची सार्वजनिक कर दी जाएगी। हालांकि निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अंतिम चयन सूची जारी करने की तारीख आगे बढ़ाकर 3 अक्टूबर कर दी गई। इसके बावजूद सभी क्षेत्रों की सूची एक साथ जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों की बेचैनी बढ़ती गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार चयन प्रक्रिया से जुड़े अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा और साक्षात्कार के बाद अंतिम परिणाम का इंतजार स्वाभाविक रूप से सभी उम्मीदवार कर रहे हैं। जब निर्धारित तारीख में बदलाव होता है और उसके बाद भी परिणाम चरणबद्ध तरीके से जारी होते हैं तो अभ्यर्थियों के बीच असमंजस की स्थिति बनती है। कुछ अभ्यर्थियों ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता और निर्धारित प्रक्रिया के पालन को लेकर भी सवाल उठाए हैं। हालांकि, इन सवालों के बीच पेंच प्रबंधन की ओर से परिणाम तैयार करने में लग रहे समय को लेकर स्पष्टीकरण दिया गया है।
परिणाम में देरी को लेकर पेंच एसडीओ अनिल सोनी से जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि रखंड़ क्षेत्र की सूची ओपन कर दी गई है और सूची लगा दी गई है। वहीं जमतरा क्षेत्र की सूची अगले दिन लगाए जाने की संभावना उन्होंने जताई।
एसडीओ के अनुसार टुरिया क्षेत्र में अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण वहां की सूची तैयार करने में समय लग रहा है। उन्होंने बताया कि टुरिया क्षेत्र की सूची भी अगले दिन शाम तक ओपन होने की संभावना है। पेंच एसडीओ के इस स्पष्टीकरण से संकेत मिल रहा है कि शेष क्षेत्रों की चयन सूची भी जल्द सार्वजनिक की जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थियों के बीच बनी असमंजस की स्थिति दूर होने की उम्मीद है।
जमतरा और टुरिया की सूची पर टिकी नजर
फिलहाल अभ्यर्थियों की नजर जमतरा और टुरिया क्षेत्र की अंतिम चयन सूची पर टिकी हुई है। सभी क्षेत्रों की सूचियां सार्वजनिक होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि अंतिम चयन में किन अभ्यर्थियों को स्थान मिला है। अभ्यर्थियों का कहना है कि चयन प्रक्रिया से जुड़ी सभी सूचियां और आवश्यक जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि प्रत्येक उम्मीदवार को अपने परिणाम और चयन की स्थिति स्पष्ट रूप से पता चल सके। इससे प्रक्रिया को लेकर विश्वास भी मजबूत होगा। अब देखना यह होगा कि पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन शेष क्षेत्रों की अंतिम चयन सूची कब तक सार्वजनिक करता है और निर्धारित समय-सारणी में हुए बदलाव के बाद पूरी चयन प्रक्रिया किस तरह अंतिम रूप लेती है।

मंगल भवन के नाम पर हरे-भरे पेड़ों की कटाई

ग्राम छींदा में पुराने पंचायत भवन के सामने वर्षों पहले लगाए गए अशोक व यूकेलिप्टस के पेड़ों पर चली आरी, ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय छींदा में मंगल भवन निर्माण को लेकर पुराने पंचायत भवन के सामने लगे हरे-भरे वृक्षों की कटाई का मामला सामने आया है। वर्षों पहले तत्कालीन सरपंच द्वारा लगाए गए अशोक एवं यूकेलिप्टस सहित अन्य पेड़ आज भी परिसर की हरियाली और सुंदरता बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मंगल भवन निर्माण के नाम पर इन हरे-भरे पेड़ों को काटा जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रेमियों एवं जागरूक नागरिकों में नाराजगी है।
बताया जा रहा है कि पुराने पंचायत भवन के सामने मंगल भवन का निर्माण प्रस्तावित है। इसी निर्माण को लेकर पेड़ों की कटाई की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मंगल भवन का निर्माण निर्धारित स्थान पर किया जाता है तो सामने लगे पेड़ भवन के निर्माण में बाधक नहीं हैं। बल्कि पेड़ों को सुरक्षित रखते हुए भवन बनाया जाए तो परिसर की सुंदरता और बढ़ सकती है।

स्वीकृति को लेकर भी उठ रहे सवाल

ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव की ओर से कथित तौर पर यह कहा जा रहा है कि पेड़ों की कटाई के लिए वन एवं राजस्व विभाग से स्वीकृति ली गई है।
वहीं, ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग का कहना है कि हरे-भरे वृक्षों की कटाई की अनुमति वन विभाग द्वारा नहीं दी जाती। ऐसे में ग्रामीणों ने संबंधित विभागों से मांग की है कि पेड़ों की कटाई से संबंधित अनुमति एवं दस्तावेजों की सार्वजनिक रूप से जांच की जाए और स्थिति स्पष्ट की जाए।





पेड़ों की छंटाई करें, कटाई नहीं

पर्यावरण प्रेमियों एवं जागरूक ग्रामवासियों का कहना है कि यदि पेड़ों की कुछ शाखाएं भवन निर्माण या अन्य कार्य में बाधा बन रही हैं तो नियमानुसार उनकी छंटाई की जा सकती है। इसके लिए वर्षों पुराने और हरे-भरे पेड़ों को जड़ से काटना उचित नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन विकास के नाम पर हरियाली को समाप्त करना समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

ग्रामीणों ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर पेड़ों की कटाई की वास्तविक स्थिति की जांच करने, आवश्यक अनुमति एवं दस्तावेजों का परीक्षण करने तथा नियमों के विपरीत कटाई पाए जाने पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही जब तक पूरे मामले की जांच नहीं हो जाती, तब तक हरे-भरे पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग भी उठाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मंगल भवन भी बने और पेड़ भी बचें, यही विकास का सही स्वरूप होगा। वर्षों में तैयार हुई हरियाली को कुछ घंटों में खत्म करने के बजाय पेड़ों को संरक्षित रखते हुए निर्माण की योजना बनाई जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी गांव की यह हरियाली विरासत में मिल सके।

हेल्थ केयर की पढ़ाई को मिला प्रायोगिक रूप, छात्राओं ने किया सिविल

हॉस्पिटल का विजिट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं की दी गई व्यावहारिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

जिले के केवलारी नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को व्यावहारिक रूप से समझने के उद्देश्य से नगर के सिविल हॉस्पिटल का विजिट किया। इस दौरान छात्राओं को हेल्थ केयर से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। विद्यालय में छात्राओं को हेल्थ केयर विषय भी पढ़ाया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों का उद्देश्य है कि छात्राओं को



केवल किताबों तक सीमित जानकारी न देकर स्वास्थ्य सेवाओं एवं हेल्थ केयर से जुड़े विषयों की वास्तविक जानकारी भी दी जाए। इसी उद्देश्य से छात्राओं को सिविल हॉस्पिटल ले जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली से रूबरू कराया गया।
हॉस्पिटल विजिट के दौरान छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, मरीजों की देखभाल, स्वास्थ्य सेवाओं सहित हेल्थ केयर से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। छात्राओं ने स्वास्थ्य सेवाओं को करीब से समझा और अपनी जिज्ञासाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के प्रायोगिक भ्रमण से विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि बढ़ती है तथा उन्हें भविष्य में अपने पैरों पर खड़े होने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान एवं आत्मविश्वास प्राप्त होता है। छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

पंचायत सचिव संगठन के साथ संयुक्त मोर्चा की कमान भी संभालेंगे चंद्रपाल बघेल

सर्वसम्मति से बने संयुक्त मोर्चा ब्लॉक शाखा सिवनी के अध्यक्ष, ब्रह्मान डहेरिया उपाध्यक्ष और सियाराम डहेरिया को सचिव की जिम्मेदारी

सिवनी। मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन से जुड़े चंद्रपाल बघेल को अब संयुक्त मोर्चा ब्लॉक शाखा सिवनी की भी कमान सौंपी गई है। 4 अक्टूबर 2026 को जनपद पंचायत सिवनी के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके साथ ब्रह्मान डहेरिया को उपाध्यक्ष तथा सियाराम डहेरिया को ब्लॉक सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।



संयुक्त मोर्चा ब्लॉक शाखा की पूर्व कार्यकारिणी को 1 अक्टूबर 2026 को भंग किए जाने के बाद नई कार्यकारिणी के गठन के लिए बैठक आयोजित की गई थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत सिवनी के सभा कक्ष में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक हुई। इसमें प्रमुख पदों पर सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।

जाम में 8 अक्टूबर को विशाल इनामी दंगल

पंजाब-हरियाणा-दिल्ली समेत कई राज्यों के पहलवान होंगे आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर ग्राम जाम में 8 अक्टूबर, गुरुवार को कुश्ती का रोमांच चरम पर होगा। दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले विशाल इनामी दंगल में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, आगरा, भोपाल सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से नामी पहलवान पहुंचकर अपने दांव-पेंच और दमखम का प्रदर्शन करेंगे। दंगल को लेकर ग्रामीणों और कुश्ती प्रेमियों में खासा उत्साह है। दंगल का शुभारंभ हनुमान जी के पूजन-अर्चन के साथ होगा। कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति द्वारा दंगल को भव्य बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।
पंजाब-हरियाणा के पहलवानों से बढ़ेगा मुकाबलों का रोमांच
जाम के अखाड़े में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के साथ ही आगरा, भोपाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहलवानों के पहुंचने की संभावना है। अलग-अलग क्षेत्रों के पहलवानों के बीच होने वाले मुकाबले दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे। ग्रामीण अंचल में होने वाला यह आयोजन पारंपरिक कुश्ती और अखाड़ा संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का माध्यम बनेगा।

51 हजार का पहला इनाम, पांच स्तरों पर पुरस्कार



आयोजन समिति ने पहलवानों के उत्साहवर्धन के लिए आकर्षक इनाम निर्धारित किए हैं। दंगल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 31 हजार, तृतीय 21 हजार, चतुर्थ 11 हजार तथा पंचम पुरस्कार 5100 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इनामी राशि के चलते मुकाबलों में खासा रोमांच देखने को मिलने की उम्मीद है।

पहलवान करा सकते हैं अपना पंजीयन

दंगल में शामिल होने के इच्छुक पहलवान ग्राम पंचायत जाम के सरपंच गोलू सनोडिया के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक पहलवानों से दंगल में शामिल होने की अपील की है।

ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा अखाड़े में दमखम दिखाने का मौका

आयोजन समिति के अनुसार दंगल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक कुश्ती और अखाड़ा संस्कृति को बढ़ावा देना है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का मंच मिलता है और नई पीढ़ी को भी पारंपरिक खेलों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

समिति के पदाधिकारी संभालेंगे जिम्मेदारी

दंगल के सफल आयोजन की जिम्मेदारी समिति अध्यक्ष धनेन्द्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, रामनरेश ठाकुर एवं गोपाल सनोडिया तथा कोषाध्यक्ष मनमोहन सनोडिया संभालेंगे। वहीं कृष्णकांत ठाकुर एवं रविशंकर सनोडिया निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश ठाकुर (गुरु भैया), तुलाराम रजक एवं दीपक सेंगर करेंगे।
आयोजन समिति द्वारा दंगल स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजकों ने कुश्ती प्रेमियों और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन करने तथा रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने की अपील की है।

सीएम के कार्यक्रम में जा रही बस की कार से भीषण भिड़ंत, दो गंभीर

सिवनी/बरघाट। सिवनी-बालाघाट मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पौनार के पास एक यात्री बस और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।
बताया गया है कि हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। बस में बरघाट क्षेत्र के आष्टा, अंखिवाड़ा, कल्याणपुर सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण सवार थे। ये सभी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंडला जा रहे थे। इसी दौरान पौनार के पास सामने से आ रही कार से बस की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद बस और कार में सवार लोगों में हडक़ंप मच गया।



दुर्घटना के बाद सडक़ पर घायल यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए वाहनों में फंसे और घायल लोगों को बाहर निकाला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद बरघाट थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।
बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश वेस के अनुसार हादसे में कार सवार उमेन्द्र कुमार मर्सकोले (40), निवासी बालाघाट तथा बस सवार शंकर लाल सोनी (76), निवासी कल्याणपुर को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों का उपचार अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं, हालांकि उनकी स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

व्यापारी से 96 हजार 951 रुपये दांडिक मंडी शुल्क वसूला
350 क्विंटल गेहूं का अवैध परिवहन पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कृषि उपज के अवैध परिवहन के विरुद्ध मंडी समिति खैरलांजी और थाना खैरलांजी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 350 क्विंटल गेहूं से भरे ट्रक को पकड़ा है। वाहन में गेहूं का परिवहन बगैर वैध मंडी अनुज्ञा के कटंगी से पाटनचेरू, तेलंगाना किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यापारी से 96,951 रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूल कर शासन के खजाने में जमा कराया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी श्री श्रीश प्यासी के निर्देशन में मंडी समिति खैरलांजी के सचिव शोभाराम आदिवासी के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल ने 4 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे खैरलांजी मुख्य मार्ग पर मंडी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रक क्रमांक यूपी-70-जेटी-9589 को रोककर जांच की गई। जांच में वाहन में 350 क्विंटल गेहूं लदा पाया गया, जिसका कटंगी से पाटनचेरू, तेलंगाना के लिए परिवहन किया जा रहा था।

मंडी निरीक्षक एवं उड़नदस्ता दल प्रभारी पंकज भलावी, उपनिरीक्षक हेमराज सुलाखे तथा उपनिरीक्षक लालसिंह आर्मो द्वारा दस्तावेजों की जांच करने पर गेहूं के परिवहन के लिए वैध मंडी ई-अनुज्ञा पत्र नहीं पाया गया। इस पर मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 19(6) के उल्लंघन का प्रकरण तैयार किया गया।



जांच में सामने आया कि संबंधित विक्रेता फर्म को मंडी समिति कटंगी में कृषि उपज के विपणन पर देय 18,990 रुपये मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क जमा कर वैध ई-अनुज्ञा पत्र प्राप्त करने के बाद गेहूं का परिवहन करना था। मंडी शुल्क जमा किए बिना गेहूं का परिवहन किए जाने पर संबंधित व्यापारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 96 हजार 951 रुपये की दांडिक राशि वसूल की गई।

अवैध परिवहन पर लगातार होगी कार्रवाई

एसडीएम श्री श्रीश प्यासी के निर्देश पर वारासिवनी अनुभाग की मंडी समितियों वारासिवनी, खैरलांजी और लालबर्रा के क्षेत्रों में कृषि उपज के अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंडी समिति ने जिले के सभी व्यापारियों और मिलर्स से अपील की है कि वे बगैर ई-अनुज्ञा पत्र एवं आवश्यक बिल के अधिसूचित कृषि उपज का परिवहन न करें और न ही उसका अवैध भंडारण करें।

भैसानघाट परिक्षेत्र में अवैध शिकार का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



आरोपियों की निशानदेही पर मादा सांभर का शव बरामद, फरसा जब्त; न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परिक्षेत्र भैसानघाट में वन विभाग की गश्ती टीम ने अवैध शिकार के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक फरसा बरामद कर जब्त किया गया। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर वन क्षेत्र से अवैध रूप से शिकार की गई मादा सांभर का शव भी बरामद किया गया।04 अक्टूबर को वन विभाग का गश्ती दल भैसानघाट परिक्षेत्र में नियमित गश्त पर था। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से धारदार हथियार फरसा बरामद हुआ। आरोपियों से पूछताछ एवं उनकी निशानदेही के आधार पर वन क्षेत्र में सांभर के अवैध शिकार का मामला सामने आया और मादा सांभर का शव बरामद कर विधिवत जब्त किया गया।वन विभाग की टीम ने मौके पर नियमानुसार जब्ती पंचनामा सहित आवश्यक दस्तावेज तैयार कर प्राथमिक वन अपराध प्रकरण दर्ज किया। मृत सांभर के शव का परीक्षण कान्हा टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। परीक्षण के दौरान आवश्यक रासायनिक जांच के लिए शव के विभिन्न अंगों एवं चमड़ी के नमूने सुरक्षित रूप से संग्रहित किए गए हैं।सम्पूर्ण कार्रवाई में सहायक संचालक हॉलोन, परिक्षेत्र अधिकारी भैसानघाट सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय बैहर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

स्थल चयन को लेकर गांव दो गुटों में बंटा, पंचायत बैठक में चले लात-घूंसे
कोयलारी में 25 लाख के सामुदायिक भवन पर बवाल



हरिभूमि न्यूज कटंगी। जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत कोयलारी में राज्य वित्त आयोग की 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का स्थल चयन अब विवाद का बड़ा कारण बन गया है। एक सरकारी इमारत कहां बने, इस सवाल पर पूरा गांव दो धड़ों में बंट गया है और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई है। सोमवार को इसी स्थल चयन को लेकर बुलाई गई ग्राम पंचायत की बैठक में सरपंच पति और दो ग्रामीण युवकों के बीच जमकर लात-घूंसे चले, जिससे कुछ देर के लिए पंचायत भवन परिसर अखाड़े में तब्दील हो गया। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। वहीं जमीन से जुड़ी समस्या के लिए हल्का पटवारी को भी बुलाया गया। करीब 4 घंटे तक चली बैठक बेनतीजा खत्म हो गई। दरअसल, सरपंच दीपिका डहरवाल और उनके समर्थक ग्रामीणों का कहना है कि इस भवन का निर्माण गांव के बाहर, टोले की सीमा में स्थित प्रस्तावित भूमि पर किया जाए। इसके लिए एक दिन पहले ही मौके पर ईंटें भी गिरा दी गईं थीं। वहीं गांव के दूसरे गुट के ग्रामीणों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका तर्क है कि गांव के बाहर भवन बनने से उसका लाभ पूरे गांव को नहीं मिलेगा। सामुदायिक भवन ऐसी जगह होना चाहिए जहां टोला और मुख्य बस्ती दोनों के लोग आसानी से पहुंच सकें। इसलिए इसे टोले और बस्ती के बीच मौजूद शासकीय भूमि पर बनाया जाना चाहिए, ताकि सामुदायिक भवन की जो मूल मंशा है गांव के सभी वर्गों को एक साझा स्थान मिले वह पूरी हो सके। इस पर पंचायत का पक्ष है कि पूर्व में ग्राम सभा और पंचायत के प्रस्ताव में जिस भूमि का चयन किया गया है, उसी पर निर्माण किया जा रहा है। जिस वैकल्पिक शासकीय भूमि पर निर्माण की मांग ग्रामीण कर रहे हैं, वह भूमि विवादित है। उस भूमि को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है, उसे विवाद मुक्त करने में लंबा समय लग सकता है और राशि लैप्स होने का खतरा है। पंचायत ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में यदि गांव को कोई अन्य शासकीय भवन स्वीकृत होता है, तो उसका निर्माण ग्रामीणों द्वारा बताए जा रहे बीच के स्थान पर किया जाएगा।

स्थल को लेकर बढ़ते विरोध के बाद सोमवार को पंचायत में औचक बैठक बुलाई गई। जिसके पूर्व सरपंच शुद्धोदन बंसोड़, विजय सोनवाने सहित गांव के वरिष्ट ग्रामीण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुई। बैठक में स्थल को लेकर चर्चा शुरू होती, इससे पहले ही सरपंच पति जागेश डहरवाल और गांव के दो युवक हीरालाल गोपाले और लक्ष्मीकांत गोपाले के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लात-घूंसे चलने लगे। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। सरपंच पति जागेश डहरवाल का आरोप है कि उक्त युवक शराब पीकर उन्हें गंदी-गंदी गाली-गलौज करते हैं। अगर, उन्हें निर्माण स्थल को लेकर कोई आपत्ति थी तो वह पंचायत में बैठक के दौरान यह बात कहते। मारपीट के बाद जैसे-तैसे बैठक शुरू हुई। आपत्तिकर्ताओं ने कहा कि पंचायत जहां भवन बना रही है, वह गांव से बाहर है। वहां भवन का कोई औचित्य नहीं है। शादी, बैठक या सामाजिक कार्यक्रम के लिए लोगों को गांव से बाहर जाना पड़ेगा, जो असुविधाजनक है। पंचायत ने कहा जहां भवन बनना है वहां सबसे बड़ी सुविधा पार्किंग की होगी। दोनों पक्षों के बीच करीब 4 घंटे तक बहस चली, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। किसी ने भवन को गांव के ही बाडारेव तो किसी ने दुल्हापुर में बनाने का सुझाव दिया किंतु अंत में पंचायत ने दो टूक कह दिया कि निर्माण वहीं होगा जहां प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त कर दी गई।

स्वामित्व योजना की नहीं करेंगे रजिस्ट्री
तहसील कार्यालय के समक्ष पटवारियों ने फिर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट में पटवारियों ने तहसील कार्यालय के सामने सोमवार को विरोध किया। वे स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों की भूमि रजिस्ट्री में विक्रेता बनने से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि विवाद होने पर कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

प्रांतीय पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष गिरधारी भगत ने बताया कि जब काबिजधारी भूमि का मालिक बन गया है, तो पटवारी रजिस्ट्री में विक्रेता की भूमिका नहीं निभा सकते।

दरअसल, प्रदेश सरकार ने 17 सितंबर से स्वामित्व योजना के तहत आदेश जारी किए हैं। इसके अनुसार, सरकारी आबादी भूमि पर रहने वाले हितग्राहियों को मिले अधिकार पत्रों की रजिस्ट्री होनी है।

तहसीलदार छबि पंत ने बताया कि रजिस्ट्री से पहले हितग्राहियों की केवाईसी और नाम शुद्धता का काम जारी है। पटवारियों के विरोध के कारण रजिस्ट्री अभी शुरू नहीं हुई है। काम ज्यादा होने से तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक समेत पंचायत विभाग के अधिकारियों को रजिस्ट्रार की शक्तियां मिली हैं।

पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान, अंतिम तारीख 10 अक्टूबर कलेक्टर ने समाधान के दिए आदेश



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट में कलेक्टर कुमार सत्यम ने सोमवार को बैठक में धान खरीदी के लिए किसान पंजीयन की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पंजीयन की आखिरी तारीख 10 अक्टूबर है, लेकिन अब तक सिर्फ 36 हजार से ज्यादा किसानों का ही पंजीयन हो पाया है।

पंजीयन में तकनीकी समस्या आ रही है। इस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को जल्द समाधान करने और जरूरत पड़ने पर नए केंद्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को भी पंजीयन केंद्रों का लगातार निरीक्षण करने को कहा। वन अधिकार पट्टा वाले किसानों का भी प्राथमिकता से पंजीयन करने को कहा गया।

कलेक्टर ने सड़क विकास प्राधिकरण को गढ़ी क्षेत्र में टोपला मार्ग और सुपखार-पटवा रोड पर पुल का काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ को गर्भवती माताओं के एएनसी पंजीयन और स्वास्थ्य जांच पर निगरानी रखने को कहा गया।

बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तनुश्री मीणा, वनमण्डलाधिकारी नित्यानंदम एल, रेंशम सिंह धुर्वे, अपर कलेक्टर डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर मायाराम कोल, एसडीएम गोपाल सोनी सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम गर्रा में 'आँगन मिलन सेवा कार्यक्रम' आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





9वॉ राष्ट्रीय पोषण माह सेवा संकल्प अभियान आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के व्यंजन का प्रदर्शन एवं प्रतियोगिताएं कराई गई। महिला एवं बच्चों द्वारा हमारे ग्राम वार्ड की वार्ड पंच श्रीमती जुबेदा शाह की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी रानू शिवहरे, सेक्टर पर्यवेक्षक प्रिया ठाकुर, अनीता बिसेन, अनमोल दीदी एवं लक्ष्मी बिसेन मैडम व गर्रा की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिका का योगदान रहा। अनीशा बानो, संध्या सूर्याधर, मनोरमा सूर्याधर, ज्योति मिश्रा, ममता बाहेश्वर, शीला रोकड़े उपस्थित नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया गया।

परसवाड़ा में रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिया 30 यूनिट रक्त, जरूरतमंदों को चश्मे व पोषण बैग बांटे
अस्पताल में इलाज के साथ सम्मान भी जरूरी, मरीज को सम्मान दें स्वास्थ्यकर्मी: कावरे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा में सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए 30 यूनिट रक्त संग्रहित कर सेवा का संदेश दिया। शिविर में पहुंचे पूर्व आयुष मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने युवा रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना किया। इस दौरान कावरे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से सेवा भाव के साथ काम करने तथा ओपीडी में आने वाले मरीजों से सरल, सहज और आत्मीय व्यवहार रखने की बात कही।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सकों को लोग भगवान के रूप में देखते हैं। अस्पताल पहुंचने वाला व्यक्ति उम्मीद लेकर आते है। ऐसे में उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए, जिससे वह बिना झिझक दोबारा उपचार के लिए अस्पताल आ सके।

अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं की जानकारी : पूर्व मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा कि सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन कई बार इनकी जानकारी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में पात्र ग्रामीण योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम से योजनाओं की जानकारी रखने और पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने के लिए सक्रियता से काम करने की बात कही।

शिविर में चश्मे, पोषण बैग और टीबी किट किया वितरण: कार्यक्रम में जरूरतमंद ग्रामीणों को चश्मे एवं पोषण आहार बैग वितरित किए गए। टीबी मरीजों को किट भी प्रदान की गई। कावरे ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य केवल अस्पताल की चारदीवारी तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उन्हें उपचार और शासन की योजनाओं से जोड़ना भी है।उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं की जानकारी जिला स्तर पर सूचीबद्ध करने की बात कही, ताकि भविष्य में रक्तदाताओं अथवा उनके परिवार के किसी सदस्य को रक्त की जरूरत पड़ने पर समय पर मदद मिल सके।

छह माह में पंचायत स्तर तक शिविर लगाने की तैयारी : मीडिया से चर्चा में कावरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, चश्मा वितरण और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों के चिन्हांकन सहित कई गतिविधियां की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि आगामी छह माह में ग्राम पंचायत एवं स्थानीय स्तर तक पहुंचकर शिविर आयोजित करने पर जोर रहेगा। विभिन्न बीमारियों से संबंधित मरीजों का चिन्हांकन कर उन्हें उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

कोरोना काल में 20 बिस्तरीय अस्पताल की व्यवस्था का किया उल्लेख: कावरे ने अपने मंत्री कार्यकाल के दौरान परसवाड़ा क्षेत्र में किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को देखते हुए परसवाड़ा में 20 बिस्तरीय अतिरिक्त अस्पताल की व्यवस्था कराई गई थी। संक्रमण के दौरान अस्पताल पर दबाव बढ़ने पर कन्या शिक्षा परिसर में आपातकालीन अस्पताल भी संचालित किया गया था। इससे क्षेत्र के मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिली। उन्होंने परसवाड़ा में एसडीएम कार्यालय खोले जाने के लिए किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया।

सेवाभाव से कार्य करने की निर्देश: मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ शत्रुघ्न दहिया ने बताया कि परसवाड़ा की हमारी टीम बहुत अच्छे से कार्य कर रही है बहुत कम समय में रक्तदान शिविर का इतना अच्छा आयोजन उन्होंने किया । कुछ कमियां तो रहती है जिसे मैं दूर करने का प्रयास करूंगा। सभी चिकित्सकों को आज यह निर्देश दिए गए हैं कि आम जनता को किसी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित ना रखा जाए जो सुविधाएं आपके पास उपलब्ध है उन्हें मुहैया कराई जाए। जो नये चिकित्सक आए हैं वह भी पूरे सेवा भाव से कार्य करेंगे।

इनकी रहीं उपस्थिति : जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शत्रुघ्न दहिया, बीएमओ डॉ. वर्षा चौबे, मंडल अध्यक्ष योगेश शरणागत, सेवा संकल्प अभियान के मंडल संयोजक विवेक पटेल,मनोज साहू, शिवानी तिल्लासी, सांसद प्रतिनिधि ईशाराम तिल्लासी, यशवंत साकरे , डॉ. परितोष शुक्ला, डॉ. शैलेंद्र रघुवंशी, डॉ. भावेश परमार, डॉ. दिनेश मंडलोई, बसंत बिसेन, अनिल वल्के, शैलेन्द्र खरे सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीण उपस्थित रहे।

सेवा की कहानी गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। डॉ. सुधन्वा सिंह नेताम शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत चयनित गतिविधि सेवा की कहानी का आयोजन प्राचार्य डॉ. एम.के. धुर्वे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. राजेंद्र कुमार पिवहरे रहे।

गतिविधि के कार्यकम अधिकारी डॉ. एस. एल. मंडावी, डॉ. आशीष बागड़े. डॉ. राजेश बोरकर. एवं डॉ. अलका हिरकने ने कार्यक्रम अधिकारियों के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई।

सेवा की कहानी गतिविधि के मुख्य वक्ता प्रो. विशाल दमाहे MPPSC-2022 नवचयनित सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों तथा अपनी मेहनत, लगन, संघर्ष और त्याग की प्रेरणादायी कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि निरंतर परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उनकी जीवन यात्रा ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित विद्यार्थियों के जीवन में आए बदलावों पर आधारित लघु वीडियो/रील तैयार किए। इन वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों ने योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव तथा लाभार्थियों के जीवन में आए परिवर्तन को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संघर्ष, सेवा, सफलता एवं सकारात्मक परिवर्तन की वास्तविक कहानियों से प्रेरित करना रहा।

